www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें


ई-मेल editor.wagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-269 सागवाड़ा, रविवार, 19 जून, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)



फोटो- मेरा सागवाड़ा



# माना धरती को माँ जिसने हम करते उसका सम्मान उस वीर जवान राणावत पर वागड़ करता अभियान

**वागड़ के लाल शहीद महेंद्र सिंह की पार्थिव देह यात्रा, का शहर-शहर व गांव-गांव लोगों ने शहीद महेंद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि, भारत माता व शहीद महेंद्र सिंह के गूंजे जयकारे**

**बिछीवाडा, कनबा और डूंगरपुर शहर के सिंटेक्स चौराहा, तहसील चौराहा, पुराना बस स्टैंड, शास्त्री मार्ग, नया बस स्टैंड, बिलडी, तीजवड, हिराता, आतरी, वरदा, टामटीया, नंदोड, सागवाडा नगर में हजारो की संख्या में लोगो ने शहीद महेंद्र सिंह के पार्थिव देह पर पुष्प व पुष्पमाला से श्रद्धांजलि दी**



वरदा में पर कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व विधायक सुरेंद्र बामणिया ने शहीद महेंद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि।



राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के घोष वादक राष्ट्रीय धुन के साथ शहीद महेंद्र सिंह को श्रद्धांजलि देते



गलिकोट मोड़ पर महिलाओं के साथ पूर्व विधायक अनिता कटारा ने शहीद महेंद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि

**डूंगरपुर।** दार्जिलिंग में बीएसएफ में तैनात प्रदेश के वागड़ अंचल के बांसवाडा जिले का निवासी जवान महेंद्र सिंह राणावत गुरुवार को ड्यूटी के दौरान शहीद हो गया। इधर शहीद महेंद्र सिंह की पार्थिव देह यात्रा के बांसवाडा अपने पैतृक गांव जाते समय डूंगरपुर पहुंची। इस दौरान जिलेभर में रास्ते में वागड़ के लाल शहीद महेंद्र सिंह को लोगो ने श्रद्धांजली दी। वही इस दौरान भारत माता व शहीद महेंद्र सिंह के जयकारे गूंज उठे। लोगो ने नम आंखों से शहीद महेंद्र सिंह को अपने पैतृक गांव के लिए विदाई दी। दरअसल बांसवाडा जिले के रोहनिया गाँव निवासी महेंद्र सिंह राणावत दार्जिलिंग में बीएसएफ में तैनात था। गुरुवार रात को ड्यूटी के दौरान बोर्डर पर बिजली गिरने से महेंद्र सिंह शहीद हो गया। इसके बाद आज सुबह वागड़ के लाल शहीद महेंद्र सिंह राणावत का पार्थिव देह अहमदाबाद के एयरपोर्ट पर पहुंचा। जहा पर बीएसएफ के जवान अपने साथी का पार्थिव देह लेकर बांसवाडा के लिए रवाना हुए। इधर बांसवाडा जाते समय शहीद महेंद्र सिंह की पार्थिव देह यात्रा डूंगरपुर जिले से होकर गुजरी। जिसके तहत राजस्थान–गुजरात के डूंगरपुर जिले के रतनपुर बोर्डर पर शहीद महेंद्र सिंह की पार्थिव देह यात्रा पहुँचने पर रतनपुर पुलिस चौकी के जवानो ने शहीद महेंद्र सिंह को श्रद्धांजली दी और उन्हें सल्युट किया। इसके बाद शहीद महेंद्र सिंह की पार्थिव यात्रा रतनपुर बोर्डर से रवाना हुई जो की विभिन्न गांवों से गुजरते हुए डूंगरपुर शहर में पहुंची। इस दौरान बिछीवाडा, कनबा और डूंगरपुर शहर के सिंटेक्स चौराहा, तहसील चौराहा, पुराना बस स्टैंड, शास्त्री मार्ग, नया बस स्टैंड, बिलडी, तीजवड, हिराता, आतरी, वरदा, टामटीया, नंदोड, सागवाडा नगर में हजारो की संख्या में लोगो ने शहीद महेंद्र सिंह के पार्थिव देह पर पुष्प व पुष्पमाला से श्रद्धांजली दी। वही उन्हें नमन किया। इस दौरान शहर–शहर व गाँव–गाँव भारत माता व शहीद महेंद्र सिंह के जयकारे गूंज उठे। लोगो ने अपनी नाम आँखों से शहीद महेंद्र सिंह को उनके पैतृक के लिए विदाई दी। इधर शहीद महेंद्र सिंह का उनके पैतृक रोहनिया में राष्ट्रीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।







## एकलव्य भील सेवा संस्थान ने साक्षरता की देवी वीर बाला काली बाई कलासुआ का शहादत दिवस मनाया



**सागवाड़ा।** एकलव्य भील सेवा संस्थान के तत्वाधान में रविवार को साक्षरता की देवी वीर बाला काली बाई कलासुआ का शहादत दिवस मनाया। समाज के वरिष्ठ जनों के नेतृत्व में नेहरू पार्क स्थित कालीबाई कलासुआ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की । समाज के अध्यक्ष मोहनलाल भगोरा ने इस दौरान कहा कि कालीबाई ने अपने गुरु सेंगा भाई रोत को अंग्रेजों से बचाने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया था । आज की युवा पीढ़ी को काली बाई के आदर्शों पर चलते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का संकल्प लेकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर समाज को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहिए। गिरीदावर राजेश रोत ने कालीबाई कलासुआ की जीवनी पर व कालीबाई के शहादत पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के बाद गोल चौराहे पर पहुंचे शहीद महेंद्र सिंह राणावत के पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोक व्यक्त किया। इस दौरान विजय सोवारा, निशान्त डेण्डोर, दीपक अहारी, चिराग् भगोरा, गटा भाई भागरिया, जितेन्द्र अहारी, जिनल, शुशीला, सुनीता, नीमा,राखी, सोनल,जयश्री, रेखा, भावना, शारदा मौजूद रहे। इससे पूर्व नगर पालिका सागवाड़ा के अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया ने भी पार्षदों के साथनेहरू पार्क स्थित कालीबाई कलासुआ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि।

## इनोवा ओर ऑटोरिक्शा में भिड़ंत एक घायल



**डूंगरपुर।** डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा थाना क्षेत्र में डूंगरपुर – बांसवाड़ा सांसद कनकमल कटारा की इनोवा गाड़ी ओर ऑटोरिक्शा में भिड़ंत ही गई । जिससे ऑटोचालक व ऑटो में सवार एक महिला गंभीर घायल हो गये । प्राप्त जानकारी के अनुसार भीलूड़ा – जेठाना मार्ग पर यह हादसा हुआ है । सांसद कटारा अपने गांव फलातेड़ भीलूड़ा से इनोवा गाड़ी में सागवाड़ा की ओर आ रहे थे । वही सागवाड़ा की तरफ से आ रहे ऑटो से भिड़ंत हो गई । हादसे में पाडला वगेरी निवासी ऑटो चालक मुकेश डामोर ओर ऑटोरिक्शा में सवार एक महिला यात्री गंभीर घायल हो गई । सांसद कटारा अपनी इनोवा गाड़ी में सवार थे और उनका चालक मुकेश पाटीदार गाड़ी चला रहा था । दोनो घायलों को 108 एम्बुलेंस बुलाकर सागवाड़ा चिकित्सालय पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि ऑटोचालक मुकेश डामोर की हालत बहुत गंभीर है प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर किया है । महिला का उपचार चल रहा है । घायल ऑटो चालक की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर बताई जा रही है। घायल मुकेश डामोर का 2 साल का बच्चा है और पत्नी मनरेगा में काम करके अपना परिवार चलती है । सांसद कटारा के चालक ने ऑटोचालक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दी है ।

## कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष दिनेश खोडनिया पर डूंगरपुर में पार्टी को बर्बाद करने का आरोप

**पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा व पूर्व विधायक सुरेन्द्र बामणिया ने की प्रेस वार्ता**



**डूंगरपुर।** जिले में कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी अब खुलकर सामने आने लगी है। पहले जहा डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने डूंगरपुर के निवर्तमान जिला अध्यक्ष खोडनिया पर निशाना साधा था। वही अब कांग्रेस से पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, पूर्व विधायक सुरेन्द्र बामणिया ने भी निवर्तमान जिला अध्यक्ष खोडनिया पर निशाना साधा है। दोनों नेताओं सहित अन्य नेताओं ने रविवार को पत्रकार वार्ता में निवर्तमान जिला अध्यक्ष दिनेश खोडनिया पर पार्टी को बर्बाद करने का आरोप लगाया है। डूंगरपुर जिले की कांग्रेस पार्टी में कुछ ठीक नहीं चल रहा है। जिले के कांग्रेसी नेता अब खुलकर एक–दूसरे पर आरोप लगा रहे है। पहले डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने डूंगरपुर जिले के निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश खोडनिया पर पार्टी के नेताओं को चलाने के आरोप लगाए थे। वही अब बांसवाडा–डूंगरपुर के पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, सागवाडा के पूर्व विधायक सुरेन्द्र बामणिया, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष वल्लभ भाई पाटीदार सहित अन्य नेताओं ने निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश खोडनिया को आड़े हाथो लिया है।

पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने कहा की निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश खोडनिया ने डूंगरपुर जिले में कांग्रेस पार्टी को बर्बाद कर दिया है उन्होंने कहा की अपने कार्यकाल में सिर्फ कांग्रेसियों को आपस में लड़ाने का काम किया है जिसके चलते जिले में पार्टी कमजोर हुई है। पिछले विधानसभा के चुनाव में उनके अध्यक्ष रहते कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले डूंगरपुर में सिर्फ एक ही सीट आ पाई है।